# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 15/06/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** $\left\{\frac{20}{33} \div \frac{20}{7}\right\} \div \left(\frac{3}{5} \times \frac{10}{9} + \frac{2}{11}\right) + \frac{7}{4} \div \frac{28}{23} \text{ of } \frac{23}{4}$ को सरलीकृत कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\frac{23}{31}$
- ✓ B. $\frac{1}{2}$
- ✗ C. $\frac{6}{19}$
- ✗ D. $\frac{19}{29}$

**Q.2** एक खोखला गोलीय कोश 39 $g/cm^3$ घनत्व वाली धातु से बना है। इसकी आंतरिक और बाह्य त्रिज्याएं क्रमशः 12 cm और 13 cm हैं। कोश का वजन (kg में) कितना है?
($\pi = \frac{22}{7}$ और घनत्व = $\frac{\text{द्रव्यमान}}{\text{आयतन}}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans**
- ✗ A. 73.648
- ✗ B. 77.9
- ✓ C. 76.648
- ✗ D. 77.7

**Q.3** एक प्रौद्योगिकी फर्म की संप्राप्ति ₹2,50,000 से घटकर ₹2,12,500 हो जाती है। संप्राप्ति में प्रतिशत कमी ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 12%
- ✗ B. 20%
- ✓ C. 15%
- ✗ D. 10%

**Q.4** निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

40, 47, 54, 45, 50, 43, 53, 52, 53, 49, 40, 50, 42, 52, 44, 52, 47, 55

**Ans**
- ✗ A. 54
- ✗ B. 40
- ✗ C. 47
- ✓ D. 52

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**

Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

Q.5 एक ठोस धात्विक गोले को पिघलाकर एक शंकु के रूप में ढाला जाता है जिसकी त्रिज्या गोले की त्रिज्या के बराबर होती है। यदि शंकु की ऊँचाई 84 cm है, तो मूल गोले का आयतन ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✔ A. $38808\ cm^3$
- ✗ B. $49808\ cm^3$
- ✗ C. $16808\ cm^3$
- ✗ D. $27808\ cm^3$

Q.6 $9^2 + \sqrt{4^2} - 7\sqrt{16} - 7$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✗ A. 57
- ✗ B. 58
- ✗ C. 45
- ✔ D. 50

Q.7 एक कक्षा में, लड़कियों की तुलना में 10 लड़के अधिक हैं। प्रत्येक लड़की के पास 3 पेंसिलें और प्रत्येक लड़के के पास 2 पेंसिलें हैं। कक्षा में पेंसिलों की कुल संख्या 170 है। कक्षा में लड़कियों और लड़कों का अनुपात ______ है।

Ans
- ✗ A. 5:6
- ✗ B. 2:3
- ✔ C. 3:4
- ✗ D. 4:5

Q.8 एक ट्रेन दो व्यक्तियों के निकट से गुजरती है जो उसी दिशा में चल रहे हैं जिस दिशा में ट्रेन चल रही है। ये व्यक्ति क्रमशः 2 km/hr और 4 km/hr की चाल से चल रहे हैं तथा ट्रेन उन्हें क्रमशः 9 सेकंड और 10 सेकंड में पूर्णतः पार कर जाती है। ट्रेन की लंबाई कितनी है?

Ans
- ✔ A. 50 मीटर
- ✗ B. 75 मीटर
- ✗ C. 45 मीटर
- ✗ D. 55 मीटर

Q.9 A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 10,12 और 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। A और B मिलकर 3 दिन कार्य करते हैं, जिसके बाद A कार्य छोड़ देता है। B और C मिलकर कार्य करते हैं। शेष कार्य को पूरा करने के लिए B और C को कितने दिन लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 4 दिन
- ✔ B. 3 दिन
- ✗ C. 5 दिन
- ✗ D. 6 दिन

Q.10 दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 67 है और उनका गुणनफल 1012 है। उनके बीच का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 24
- ✗ B. 13
- ✔ C. 21
- ✗ D. 30

Q.11 पहली संख्या, दूसरी संख्या और 20 का चतुर्थानुपाती 36 है। यदि पहली दो संख्याओं का योगफल 14 है, तो पहली दो संख्याओं का गुणोत्तर माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. $3\sqrt{5}$
- ✗ B. $5\sqrt{2}$
- ✗ C. $2\sqrt{5}$
- ✗ D. $5\sqrt{3}$

Q.12 एक विद्यार्थी के 5 विषयों का औसत अंक 72 है और 3 अतिरिक्त विषयों का औसत अंक 84 है। समग्र औसत अंक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 75.5
- ✓ B. 76.5
- ✗ C. 75.25
- ✗ D. 76.25

Q.13 यदि 6 और 18 का तृतीयानुपाती p है, तथा p और 54 का तृतीयानुपाती q है, तो q का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 54
- ✗ B. 18
- ✗ C. 36
- ✗ D. 72

Q.14 एक मार्कर की कीमत ₹43 है। एक दुकान "5 खरीदें, 2 मुफ्त पाएं" का ऑफर देती है। प्रति मार्कर प्रभावी कीमत ज्ञात कीजिए। [अपना उत्तर ₹ में दीजिए, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।]

Ans
- ✗ A. ₹33.71
- ✗ B. ₹31.71
- ✓ C. ₹30.71
- ✗ D. ₹32.71

Q.15 एक लाइट हाउस के शीर्ष से पूर्व की ओर दो जहाजों के अवनमन कोण 45° और 30° हैं। यदि जहाज एक-दूसरे से 50 m दूर हैं, तो लाइट हाउस की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{50}{\sqrt{3}+1}$ m
- ✓ B. $25\left(\sqrt{3}+1\right)$ m
- ✗ C. $50\left(\sqrt{3}+1\right)$ m
- ✗ D. $\frac{25}{\sqrt{3}+1}$ m

Q.16 एक पिता और उसके पुत्र की वर्तमान आयु का योग 50 वर्ष है। पाँच वर्ष पहले, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी थी। पिता अपने पुत्र से कितने वर्ष बड़ा है?

Ans
- ✗ A. 19
- ✗ B. 18
- ✓ C. 20
- ✗ D. 21

Q.17 यदि कोई व्यापारी ₹1000 में 50 नोटबुक खरीदता है और उन सभी को 20% के लाभ पर बेचता है, तो प्रत्येक नोटबुक का विक्रय मूल्य कितना होगा?

Ans
- ✓ A. ₹24
- ✗ B. ₹20
- ✗ C. ₹22
- ✗ D. ₹18

Q.18 किसी राशि को 4% वार्षिक दर से पाँच वर्ष और तीन वर्ष के लिए निवेश करने पर प्राप्त साधारण ब्याज में अंतर ₹784 है। उसी राशि को समान ब्याज दर पर आठ वर्ष के लिए निवेश करने पर प्राप्त साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 3136
- ✗ B. 3920
- ✗ C. 4144
- ✗ D. 2352

| | |
|---|---|
| Q.19 | यदि आयकर में 18% की वृद्धि की जाती है, तो नेट आय में 2% की कमी हो जाती है। आयकर की मूल दर ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 5% |
| | ✗ B. 8% |
| | ✓ C. 10% |
| | ✗ D. 12% |

| | |
|---|---|
| Q.20 | एक रेफ्रिजरेटर का अंकित मूल्य ₹4,884 है। दुकानदार 10% की छूट प्रदान करता है और 8% का लाभ अर्जित करता है। यदि कोई छूट नहीं दी जाती है, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना होगा? |
| Ans | ✓ A. 20% |
| | ✗ B. 30% |
| | ✗ C. 40% |
| | ✗ D. 10% |

| | |
|---|---|
| Q.21 | निम्नलिखित में से किस राशि (₹ में) पर 8% की वार्षिक ब्याज दर से 3 वर्षों में ₹1,440 का साधारण ब्याज प्राप्त होगा? |
| Ans | ✓ A. 6,000 |
| | ✗ B. 12,000 |
| | ✗ C. 3,000 |
| | ✗ D. 345.6 |

| | |
|---|---|
| Q.22 | एक वस्तु को 58% के लाभ पर बेचा जाता है। यदि क्रय मूल्य में ₹20 की वृद्धि की जाए और विक्रय मूल्य में ₹74 की कमी की जाए, तो लाभ 52.5% होगा। वस्तु का मूल क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 2,100 |
| | ✗ B. 2,000 |
| | ✓ C. 1,900 |
| | ✗ D. 2,200 |

| | |
|---|---|
| Q.23 | मान लीजिए a और b, दोनों अभाज्य संख्याएं इस प्रकार हैं कि $(a^2 + b)$ भी 20 से कम एक अभाज्य संख्या है। b के संभावित मानों की संख्या क्या है? |
| Ans | ✓ A. 4 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✗ D. 3 |

| | |
|---|---|
| Q.24 | संख्याओं 5, 3.2 और 0.03 का LCM कितना है? |
| Ans | ✗ A. 185 |
| | ✓ B. 240 |
| | ✗ C. 120 |
| | ✗ D. 215 |

| | |
|---|---|
| Q.25 | ABCD एक चतुर्भुज है जिसमें AB ∥ DC है, तथा E और F क्रमशः विकर्णों AC और BD के मध्य बिंदु हैं। यदि AB = 60 cm, BC = 65 cm, DC = 18 cm, और AD = 10 cm है, तो EF की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 25 |
| | ✗ B. 22 |
| | ✓ C. 21 |
| | ✗ D. 23 |

Q.26 एक स्कूटर 40 km की दूरी 20 km/hr की चाल से तय करता है और उसी चाल से 60 km वापस आता है। औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 22 km/hr
- ✗ B. 25 km/hr
- ✗ C. 24 km/hr
- ✓ D. 20 km/hr

Q.27 निम्नलिखित अनुपात दिए गए हैं:
a : b = 2 : 3
b : c = 4 : 5
c : d = 3 : 2
d : e = 5 : 4
अनुपात a : e का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 3 : 5
- ✗ B. 3 : 4
- ✓ C. 1 : 1
- ✗ D. 4 : 7

Q.28 एक मापक छड़ की अधिकतम लंबाई क्या हो सकती है जिससे 7 m 35 cm, 9 m 45 cm और 10 m 50 cm लंबाई के कपड़े के तीन टुकड़ों को पूर्णतः मापा जा सके?

Ans
- ✗ A. 1 m 15 cm
- ✗ B. 1 m 35 cm
- ✓ C. 1 m 5 cm
- ✗ D. 1 m 25 cm

Q.29 A और B एक काम को क्रमशः 12 और 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। दोनों 4 दिन तक काम करते हैं और फिर A काम छोड़कर चला जाता है। शेष काम को पूरा करने में B को कितने दिन लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 8
- ✓ B. 6
- ✗ C. 5
- ✗ D. 7

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 11 से विभाज्य है?

Ans
- ✗ A. 5281
- ✗ B. 4735
- ✓ C. 2145
- ✗ D. 3522

## Section : General Awareness

Q.31 गूगल डॉक्स (Google Docs) में, जब आप Ctrl + S प्रेस करते हैं, तो बैकग्राउंड में कौन-सा टेक्निकल एक्शन होता है?

Ans
- ✗ A. डॉक्यूमेंट लोकल स्टोरेज (local storage) में सेव हो जाता है
- ✓ B. ड्राइव (Drive) में शीघ्र सिंक (sync) ट्रिगर हो जाता है
- ✗ C. स्क्रीन पर Save As डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है
- ✗ D. कीबोर्ड शॉर्टकट को पहचाना नहीं जाता है

Q.32 एक भौतिकविद एक ऐसा प्रयोग डिजाइन कर रहा है, जिसका परिणाम बल और वेग के गुणनफल पर निर्भर करता है। मात्रकों और विमाओं को ध्यान में रखते हुए, निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक राशि इस गुणनफल द्वारा प्रत्यक्ष रूप से मापी जाती है?

Ans
- ✗ A. ऊर्जा
- ✓ B. शक्ति
- ✗ C. आवेग
- ✗ D. दाब

Q.33 किस ऐतिहासिक मामले को अधि स्थिति (locus standi) के नियम को शिथिल करने और भारत में जनहित याचिका (PIL) की नींव स्थापित करने का श्रेय दिया जाता है?

Ans
- ✗ A. मेनका गांधी बनाम भारत संघ
- ✗ B. मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ
- ✓ C. एस.पी. गुप्ता बनाम भारत संघ
- ✗ D. गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य

Q.34 2011 की जनगणना के अनुसार कौन-सा राज्य, भारत में सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य था?

Ans
- ✗ A. बिहार
- ✗ B. पश्चिम बंगाल
- ✓ C. उत्तर प्रदेश
- ✗ D. महाराष्ट्र

Q.35 पश्चिमी घाटों का स्थानीय नाम और उनके संबंधित राज्यों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-से युग्म सुमेलित हैं?
पश्चिमी घाटों का स्थानीय नाम राज्य में ज्ञात
(1) सह्याद्री महाराष्ट्र
(2) नीलगिरी पहाड़ियाँ कर्नाटक और तमिलनाडु
(3) अन्नामलाई पहाड़ियाँ केरल

Ans
- ✗ A. केवल 1
- ✗ B. केवल 2 और 3
- ✓ C. 1, 2 और 3
- ✗ D. केवल 1 और 2

Q.36 भारत के संविधान की निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता यूनाइटेड किंगडम के संविधान से नहीं ली गई है?

Ans
- ✗ A. एकल नागरिकता
- ✗ B. लोकसभा अध्यक्ष
- ✓ C. केंद्र द्वारा राज्यों के राज्यपालों की नियुक्ति
- ✗ D. द्विसदनीय संसद

Q.37 जब दूध में नींबू का रस मिलाया जाता है, तो पनीर बनता है। इस प्रक्रिया को __________ के रूप में जाना जाता है।

Ans
- ✓ A. स्कंदन
- ✗ B. जल-अपघटन
- ✗ C. क्रिस्टलीकरण
- ✗ D. अवसादन

Q.38 अर्थव्यवस्था में तरलता को विनियमित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किस उपकरण का सर्वाधिक उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✓ A. रेपो दर समायोजन
- ✗ B. सरकारी सब्सिडी
- ✗ C. राजकोषीय उद्दीपन
- ✗ D. टैरिफ अधिरोपण

Q.39 आंध्र प्रदेश में रामपा विद्रोह (1922-24) के नेता कौन थे?

Ans
- ✗ A. चित्तू पांडे
- ✗ B. दुर्गावती देवी
- ✗ C. राम चंद्र रेड्डी
- ✓ D. अल्लूरी सीताराम राजू

**Q.40** बास्केटबॉल में, शब्द "ट्रिपल-डबल (triple-double)" से क्या तात्पर्य है?

**Ans**

- ✗ A. एक ही मैच में दोगुने पॉइंट, रिबाउंड और असिस्ट प्राप्त करना
- ✓ B. तीन सांख्यिकीय श्रेणियों (statistical categories) में दोहरे अंकों में रिकॉर्ड दर्ज करना
- ✗ C. एक मैच में तीन टेक्निकल फाउल करना
- ✗ D. एक गेम में लगातार तीन डंक (dunk) लगाना

**Q.41** नवंबर 2025 में, किस केंद्र शासित प्रदेश में सात चूना पत्थर खनिज ब्लॉकों (limestone mineral blocks) की पहली बार नीलामी शुरू की गई थी?

**Ans**

- ✗ A. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
- ✓ B. जम्मू और कश्मीर
- ✗ C. पुदुचेरी
- ✗ D. चंडीगढ़

**Q.42** सौर ऊर्जा को वैश्विक स्तर पर kWh इकाई में मापा जाता है। इकाई kWh के संगत भौतिक राशि ______________ है।

**Ans**

- ✓ A. विद्युत ऊर्जा
- ✗ B. विद्युत आवेश
- ✗ C. बल
- ✗ D. धारा

**Q.43** भारत में 31 अक्टूबर 2025 को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय एकता दिवस किस राष्ट्रीय नेता की जयंती के स्मरण में मनाया जाता है?

**Ans**

- ✗ A. जवाहरलाल नेहरू
- ✓ B. सरदार वल्लभभाई पटेल
- ✗ C. लाल बहादुर शास्त्री
- ✗ D. महात्मा गांधी

**Q.44** मानव विकास सूचकांक (HDI) की गणना करते समय किन तीन संकेतकों पर विचार किया जाता है?

**Ans**

- ✗ A. औद्योगिक उत्पादन, निर्यात और आयात
- ✗ B. विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियां, साक्षरता दर और निर्धनता दर
- ✗ C. GDP, मुद्रास्फीति दर और बेरोजगारी दर
- ✓ D. जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति आय

**Q.45** 8 अक्टूबर 2025 को केरल में फ्यूचर-टेक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के साथ किस संस्थान ने साझेदारी की?

**Ans**

- ✗ A. IIT बॉम्बे
- ✗ B. NIT कालीकट
- ✓ C. IIT पलक्कड़
- ✗ D. IIT मद्रास

**Q.46** ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) को एक कंपनी के रूप में कब निगमित किया गया था?

**Ans**

- ✓ A. 1959
- ✗ B. 1956
- ✗ C. 1965
- ✗ D. 1962

**Q.47** निम्नलिखित में से किस हिमालयी पर्वतमाला में अटल सुरंग बनाई गई है?

**Ans**

- ✗ A. काराकोरम पर्वतमाला
- ✓ B. पीर पंजाल पर्वतमाला
- ✗ C. धौलाधार पर्वतमाला
- ✗ D. जास्कर पर्वतमाला

Q.48 RAM और ROM के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

(i) ROM, RAM की तुलना में तेज़ होती है क्योंकि इसमें स्थायी सिस्टम अनुदेश (permanent system instructions) संग्रहीत होते हैं जिन्हें CPU द्वारा कम बार एक्सेस किया जाता है।
(ii) CPU द्वारा RAM से डेटा पढ़ा और उस पर लिखा जा सकता है, लेकिन पावर बंद होने पर इसका डेटा इरेज़ (erase) हो जाता है।

Ans
- ✗ A. (i) सत्य, (ii) असत्य
- ✓ B. (i) असत्य, (ii) सत्य
- ✗ C. (i) सत्य, (ii) सत्य
- ✗ D. (i) असत्य, (ii) असत्य

Q.49 निम्नलिखित में से किस चोल शासक को एक शक्तिशाली नौसेना के निर्माण और श्रीलंका, मालदीव एवं लक्षद्वीप पर विजय प्राप्त करने का श्रेय दिया जाता है?

Ans
- ✗ A. कुलोत्तुंग प्रथम
- ✓ B. राजराज प्रथम
- ✗ C. विजयालय
- ✗ D. राजेंद्र प्रथम

Q.50 निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) का एक उद्देश्य नहीं है?

Ans
- ✗ A. किसानों द्वारा आधुनिक और अभिनव कृषि पद्धतियों को अपनाने को बढ़ावा देना
- ✗ B. किसानों की आय को स्थिर करना और कृषि गतिविधियों की निरंतरता सुनिश्चित करना
- ✓ C. किसानों को कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करना
- ✗ D. अप्रत्याशित घटनाओं के कारण फसल के नुकसान का सामना कर रहे किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना

Q.51 तेलुगु भाषा को भारत की शास्त्रीय भाषा कब घोषित किया गया था?

Ans
- ✗ A. 2005
- ✗ B. 2007
- ✗ C. 2006
- ✓ D. 2008

Q.52 असम में ब्रिटिश हस्तक्षेप के विरुद्ध 'अहोम विद्रोह (1828-33)' का नेतृत्व किसने किया था?

Ans
- ✗ A. पियली फुकन (Piyali Phukan)
- ✗ B. मणिराम दत्ता (Maniram Dutta)
- ✓ C. गोमधर कुंवर (Gomdhar Konwar)
- ✗ D. हरिकांत (Harakanta)

Q.53 राष्ट्रवाद के प्रतीक माने जाने वाले उपन्यास आनंदमठ की रचना किसने की थी?

Ans
- ✓ A. बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय
- ✗ B. शरत चंद्र चट्टोपाध्याय
- ✗ C. रवींद्रनाथ टैगोर
- ✗ D. दीनबंधु मित्र

Q.54 उच्च तापमान, उच्च आर्द्रता और 200 cm से अधिक वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में आमतौर पर किस प्रकार की प्राकृतिक वनस्पति पाई जाती है?

Ans
- ✗ A. शीतोष्ण घासस्थल
- ✓ B. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
- ✗ C. उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
- ✗ D. कांटेदार और झाड़ियों वाली वनस्पति

| | | |
|---|---|---|
| Q.55 | वह विंडो, जो इसके पीछे डेस्कटॉप को शो किए बिना संपूर्ण स्क्रीन को कवर करता है, ________ कहलाता है। | |
| Ans | ✗ A. हिडेन मोड (Hidden mode) | |
| | ✗ B. मिनिमाइज्ड मोड (Minimized mode) | |
| | ✗ C. रिस्टोर्ड मोड (Restored mode) | |
| | ✓ D. फुल-स्क्रीन मोड (Full-screen mode) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.56 | निम्नलिखित में से कौन-सा, विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम की भूमिका का सही ढंग से वर्णन करता है? | |
| Ans | ✗ A. गेम्स खेलना | |
| | ✗ B. ऑडियो फ़ाइलों की एडिटिंग | |
| | ✓ C. फ़ाइलों और फ़ोल्डरों का प्रबंधन | |
| | ✗ D. मल्टीमीडिया प्रेजेंटेशन की डिजाइनिंग | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.57 | सितंबर 2025 में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दोहराए गए कथन के अनुसार, किस कानून के अंतर्गत किसी न्यायाधिकरण को वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति से बच्चों को बेदखल करने का आदेश देने का अधिकार है, यदि वे वरिष्ठ नागरिक का भरणपोषण करने में विफल रहते हैं? | |
| Ans | ✗ A. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2006 | |
| | ✗ B. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2008 | |
| | ✗ C. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2009 | |
| | ✓ D. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.58 | भारत में पत्थर के औजारों का सबसे पहला प्रमाण कहाँ पाया गया था? | |
| Ans | ✗ A. लोथल (Lothal) | |
| | ✗ B. हुंसगी घाटी (Hunsgi Valley) | |
| | ✓ C. अत्तिरमपक्कम (Attirampakkam) | |
| | ✗ D. मेहरगढ़ (Mehrgarh) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.59 | एडीबी (ADB) ने अगले पांच वर्षों (2025 से 2030) में भारत के शहरी बुनियादी ढांचे के लिए कितनी धनराशि देने का वादा किया है? | |
| Ans | ✗ A. 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर | |
| | ✓ B. 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर | |
| | ✗ C. 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर | |
| | ✗ D. 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.60 | भारतीय संविधान का कौन-सा भाग पंचायतों से संबंधित है? | |
| Ans | ✗ A. भाग V | |
| | ✗ B. भाग XI | |
| | ✓ C. भाग IX | |
| | ✗ D. भाग VII | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.61 | भारतीय संसद में कितनी विभाग-संबंधी स्थायी समितियाँ (Departmentally Related Standing Committees - DRSCs) हैं? | |
| Ans | ✗ A. 21 | |
| | ✗ B. 31 | |
| | ✓ C. 24 | |
| | ✗ D. 15 | |

Q.62 निम्नलिखित में से किसने, 2025 में होलबर्ग (Holberg) पुरस्कार जीता?

Ans
- ✗ A. विद्या बालन (Vidya Balan)
- ✓ B. गायत्री चक्रवर्ती स्पिवक (Gayatri Chakravorty Spivak)
- ✗ C. मैथिली मृणालिनी (Maithili Mrinalini)
- ✗ D. उर्मिला सत्यनारायण (Urmila Satyanarayana)

Q.63 बनारसी, पटियाला और लखनऊ घराने निम्नलिखित में से किस संगीत शैली से संबंधित हैं?

Ans
- ✗ A. चैती
- ✗ B. टप्पा
- ✗ C. कजरी
- ✓ D. ठुमरी

Q.64 उन्नीसवीं शताब्दी की शुरुआत में बंगाल में राजा राममोहन राय की आत्मीय सभा का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans
- ✗ A. जातिगत विशिष्टता का समर्थन करना और कर्मकांडीय सामाजिक रीति को बढ़ावा देना
- ✓ B. मूर्तिपूजा का विरोध करना और वेदांत सिद्धांत की तर्कसंगत व्याख्या को बढ़ावा देना
- ✗ C. बहुदेववादी उपासना की रक्षा करना और सभी बौद्धिक सुधार प्रयासों का विरोध करना
- ✗ D. गूढ़ परंपराओं का प्रचार करना और वैज्ञानिक चिंतन विधियों को हतोत्साहित करना

Q.65 2025 में निम्नलिखित में से किन दो देशों के बीच 'केंसिंग्टन संधि' पर हस्ताक्षर किए गए थे?

Ans
- ✓ A. यूनाइटेड किंगडम (UK) और जर्मनी
- ✗ B. जर्मनी और फ्रांस
- ✗ C. यूनाइटेड किंगडम (UK) और फ्रांस
- ✗ D. यूनाइटेड किंगडम (UK) और इटली

Q.66 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत के चार आधिकारिक मौसम-विज्ञान संबंधी ऋतुओं में सम्मिलित नहीं है?

Ans
- ✗ A. शीत ऋतु
- ✗ B. वर्षा ऋतु
- ✓ C. वसंत ऋतु
- ✗ D. ग्रीष्म ऋतु

Q.67 राष्ट्रीय आपातकाल को संसद द्वारा ______ में अनुमोदित किया जाना चाहिए।

Ans
- ✗ A. 45 दिनों
- ✓ B. 30 दिनों
- ✗ C. 60 दिनों
- ✗ D. 90 दिनों

Q.68 शिक्षा और नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10% आरक्षण किस संवैधानिक संशोधन द्वारा लागू किया गया था?

Ans
- ✗ A. 98वां संशोधन
- ✗ B. 104वां संशोधन
- ✓ C. 103वां संशोधन
- ✗ D. 102वां संशोधन

Q.69 खेल के क्षेत्र में CNN-न्यूज़18 का वर्ष 2025 का इंडियन ऑफ द ईयर पुरस्कार किसे दिया गया?

Ans
- ✗ A. महेंद्र सिंह धोनी
- ✗ B. गौतम गंभीर
- ✓ C. जय शाह
- ✗ D. राहुल द्रविड़

**Q.70** pH स्केल के अनुसार निम्नलिखित में से किस पदार्थ को उदासीन माना जाता है?

**Ans**
- ✗ A. आमाशय अम्ल
- ✗ B. समुद्र जल
- ✗ C. नींबू का रस
- ✓ D. शुद्ध जल

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.71** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
81 A 3 D 7 B 2 C 16 = ?

**Ans**
- ✗ A. 21
- ✗ B. 24
- ✗ C. 32
- ✓ D. 29

**Q.72** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✓ A. ZB – PH
- ✗ B. MO – EU
- ✗ C. SU-KA
- ✗ D. UW-MC

**Q.73** एक निश्चित तरीके से FR 6 का संबंध KN -6 से है। उसी प्रकार, LU 9 का संबंध QQ -3 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LS 14 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans**
- ✗ A. GT 6
- ✗ B. PR 0
- ✓ C. QO 2
- ✗ D. YT 8

**Q.74** उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेटों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
QVI : KZJ
USH : OWI

**Ans**
- ✗ A. CNK : WRJ
- ✓ B. LQG : FUH
- ✗ C. AHL : UMK
- ✗ D. BRH : VVF

**Q.75** निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 9 6 3 1 8 7 2 9 5 6 1 4 7 5 3 4 5 6 2 6 8 7 2 3 7 6 5 8 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनके ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग और ठीक बाद एक विषम अंक है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

**Ans**
- ✗ A. एक
- ✓ B. तीन
- ✗ C. तीन से अधिक
- ✗ D. दो

| | |
|---|---|
| Q.76 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. OR-KM<br>✓ B. UX-QR<br>✗ C. QT-MO<br>✗ D. SV-OQ |

| | |
|---|---|
| Q.77 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन:<br>सभी बाघ, कुर्सी हैं।<br>सभी कुर्सी, भिक्षु हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ भिक्षु, कुर्सी हैं।<br>(II) सभी बाघ, भिक्षु हैं। |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है<br>✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है<br>✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है<br>✓ D. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं |

| | |
|---|---|
| Q.78 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो, यह निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br>कथन: कुछ कवि, लेखक हैं। सभी लेखक, स्वप्नद्रष्टा हैं।<br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ स्वप्नद्रष्टा, कवि हैं।<br>(II) सभी कवि, स्वप्नद्रष्टा हैं। |
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं<br>✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है<br>✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है<br>✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |

| | |
|---|---|
| Q.79 | दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>8 6 9 23 87 ? |
| Ans | ✗ A. 433<br>✓ B. 429<br>✗ C. 437<br>✗ D. 421 |

| | |
|---|---|
| Q.80 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A % B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'<br>A € B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'<br>A = B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br>A? B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'<br>उपरोक्त आधार पर, यदि 'B % C ? O € P = X' है, तो B का X से क्या संबंध है? |
| Ans | ✗ A. माता की माता<br>✓ B. भाई की पुत्री<br>✗ C. माता<br>✗ D. पत्नी |

Q.81 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**FHD GIE HJF IKG ?**

Ans
- ✔ A. JLH
- ✘ B. JKG
- ✘ C. JMG
- ✘ D. JKM

Q.82 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✘ A. RF – NB
- ✘ B. PL – LH
- ✔ C. XA – TU
- ✘ D. MJ – IF

Q.83 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

**25 A 51 D 3 B 6 C 5 = ?**

Ans
- ✘ A. 10
- ✔ B. 12
- ✘ C. 14
- ✘ D. 15

Q.84 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**URW GDI SPU EBG ?**

Ans
- ✘ A. LIN
- ✘ B. PLR
- ✘ C. NJP
- ✔ D. QNS

Q.85 सात व्यक्ति H, I, J, K, W, Y और Z, एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। W के बाईं ओर से गिनती करने पर, H और W के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Z, I के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। J, K के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। Z, J के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Y, J का निकटतम पड़ोसी नहीं है। Y के दाईं ओर से गिनती करने पर, Y और W के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✘ A. एक
- ✘ B. चार
- ✘ C. दो
- ✔ D. तीन

Q.86 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

**7 11 20 24 46 50 ?**

Ans
- ✘ A. 96
- ✘ B. 100
- ✘ C. 102
- ✔ D. 98

Q.87 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।) (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 7 5 9 2 7 9 4 1 5 1 7 8 3 2 8 4 1 2 3 8 2 7 9 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद एक सम अंक है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✓ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक

Q.88 एक निश्चित कूट भाषा में, 'VIBE' को '4395' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'BITE' को '5914' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 9
- ✓ C. 1
- ✗ D. 4

Q.89 उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठी 122 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, Ccd दाहिने छोर से 54वें स्थान पर है। यदि Vks, Ccd के बाईं ओर 17वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से Vks का स्थान कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. 56वां
- ✓ B. 52वां
- ✗ C. 53वां
- ✗ D. 54वां

Q.90 Av, Bg, Ck, Dq, Et, Fx और Gp एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Bg, Av के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। Gp, Av के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। Dq, Gp के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। Ck, Fx के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है।
Et के बाएं से गिनती करने पर Et और Ck के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✗ D. तीन

Q.91 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(14, 7, 21)
(56, 28, 42)

Ans
- ✗ A. (242, 121, 134)
- ✗ B. (114, 57, 72)
- ✗ C. (346, 173, 188)
- ✓ D. (62, 31, 45)

Q.92 दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदलना चाहिए?

$(28 \div 4) \times 6 + 14 \times 3 - 7 \times 9 + (66 \div 2) + 38 = 67$

Ans
- ✗ A. 2 और 6
- ✗ B. 6 और 3
- ✗ C. 4 और 7
- ✓ D. 2 और 3

Q.93 मिस्टर वासु बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 23 km ड्राइव करता है। वह बाएँ मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 36 km ड्राइव करता है। फिर से बाएँ मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है, फिर से बाएँ मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह दाएँ मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बाएँ मुड़ता है और 4 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 4 km, पश्चिम की ओर
- ✗ B. 8 km, उत्तर की ओर
- ✗ C. 7 km, दक्षिण की ओर
- ✓ D. 5 km, पूर्व की ओर

Q.94 एक निश्चित कूट भाषा में, 'DOLT' को '4963' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LOTS' को '6435' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 3
- ✗ C. 4
- ✓ D. 5

Q.95 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।) (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 3 5 8 9 7 4 1 5 9 6 2 3 6 5 8 7 4 1 5 9 8 6 3 2 1 5 4 7 8 4 1 2 5 9 8 7 4 1 5 6 2 3 9 8 7 8 9 7 5 1 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण घन और ठीक बाद एक सम अंक है?
(नोटः 1 भी एक पूर्ण घन है।)

Ans
- ✓ A. 5
- ✗ B. 4
- ✗ C. 8
- ✗ D. 6

Q.96 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित करने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

GAO 81 , EYM 75 , CWK 69 , AUI 63 , ?

Ans
- ✗ A. XSF 52
- ✗ B. XRF 55
- ✗ C. YRJ 50
- ✓ D. YSG 57

Q.97 उत्तर की ओर अभिमुख 15 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, यूसुफ दाएं छोर से 10वें स्थान पर है। यदि सुमन, यूसुफ के बाएं चौथे स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से सुमन का स्थान क्या है?

Ans
- ✗ A. चौथा
- ✗ B. पहला
- ✓ C. दूसरा
- ✗ D. तीसरा

Q.98 सात डिब्बे, B, C, D, E, Q, R और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। E के ऊपर केवल एक डिब्बा रखा गया है। C और E के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। B को E के ठीक ऊपर रखा गया है। S के ठीक नीचे केवल Q को रखा गया है। D को B के नीचे किसी स्थान पर और R के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। B और S के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. दो
- ✓ C. चार
- ✗ D. तीन

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

Previous Year Papers PDF

Search

Banking | JAIIB & CAIIB | SSC | Railways

April 2026

11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

February 2026

22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...

Topic-wise & Exam-wise PDFs
Download & Study Offline
Attempt as Mock & Track Score
Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

Q.99 एक निश्चित तरीके से MJ 8 का संबंध OM -6 से है। उसी प्रकार, RW 12 का संबंध TZ -2 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UR 1 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. KKO -12
- ✓ B. WU -13
- ✗ C. YT -10
- ✗ D. UH -5

Q.100 एक निश्चित कूट भाषा में,
A $ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A & B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

यदि 'L # I $ G @ H & T' हो, तो L का T से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. माता
- ✗ B. पुत्री
- ✗ C. भाई
- ✗ D. बहन

"